राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जेएसपीएल फाउंडेशन ने निभाई सहभागिता





रायगढ़। कोविड -19 महामारी के बीच 16 मार्च को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर वैक्सीनेशन का महत्व बढ़ गया है, जबकि दुनिया के कई देशों सहित भारत में कोरोना वैक्सीनेशन ड्राइव जारी है। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को 06 गांवों में जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाकर टीका लगवाया गया। इससे लगभग 120 लोग लाभान्वित हुए।

जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा संयंत्र के आस-पास के गांव कोसमनारा, डोंगाढकेल, केराझर, भगवानपुर, कोसमपाली, बरमुडा में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रम वात्सल्य के अंतर्गत गांवों में सेवा दे रहीं स्वास्थ्य संगिनियों द्वारा 44 बच्चों, 12 गर्भवती महिलाओं , 64 बुजुर्गों सहित कुल 120 लोगों का टीकाकरण करवाया गया। टीकाकरण अभियान के अंतर्गत शिशुओं को बीसीजी, काली खांसी, टिटनेस सहित हेपेटाइटस बी, आईपीवी, खसरा व रूबेला का टीका लगवाया गया। साथ ही ग्रामीणों को टीका लगवाने के महत्व और इसकी क्षमता के बारे में भी जानकारी दी गई।